राज एक्सप्रेस
गुरुवार, 26 मार्च, 2026

सोना ₹ 149700
चांदी ₹ 241250

व्यापार

सेंसेक्स 75273.45 + 1205.00
निफ्टी 23306.45 + 394.05

www.rajexpress.com

बिजनेस न्यूज

वीवो वाय51 प्रो 5जी: लंबी बैटरी लाइफ और स्मार्ट फीचर्स से लैस स्मार्टफोन

भोपाल। वीवो ने हाल ही में अपनी लोकप्रिय वाय-सीरीज का विस्तार करते हुए वीवो वाय51 प्रो लॉन्च किया है। यह स्मार्टफोन उन यूज़र्स के लिए डिजाइन किया गया है जो भरोसेमंद परफॉर्मेंस, मजबूत बैटरी लाइफ और स्मार्ट फीचर्स को एक स्टाइलिश पैकेज में चाहते हैं। रोज़मर्रा के उपयोग और लंबे समय तक चलने वाली पावर पर फोकस करते हुए, यह डिवाइस सक्षम हार्डवेयर और स्मार्ट सॉफ्टवेयर का बेहतरीन संतुलन पेश करता है। इस डिवाइस के केंद्र में मीडियाटेक डाइमेंसिटी 7360 टर्बो चिपसेट दिया गया है, जो रोज़मर्रा के काम, एंटरटेनमेंट और गेमिंग के लिए भरोसेमंद परफॉर्मेंस देता है। इसकी एफिशिएंट आर्किटेक्चर मल्टीटास्किंग और लंबे गेमिंग सेशन्स को आसानी से संभालती है, साथ ही थर्मल एफिशिएंसी भी बनाए रखती है।

सैमसंग ने गैलेक्सी एस26 सीरीज के साथ 'क्विक शेयर' में जोड़ा एयरड्रॉप सपोर्ट

भोपाल। सैमसंग अपनी गैलेक्सी एस26 सीरीज में एयरड्रॉप सपोर्ट पेश कर रहा है, जिससे यूजर्स के लिए 'क्विक शेयर' का उपयोग करके डिवाइसेज के बीच कंटेंट शेयर करना और भी आसान हो जाएगा। यह फीचर 23 मार्च से चरणबद्ध तरीके से रोलआउट होना शुरू होगा, जिसकी शुरुआत कोरिया से होगी। इसके बाद इसे यूरोप, हांगकांग, जापान, लैटिन अमेरिका, उत्तरी अमेरिका, दक्षिण-पूर्वी एशिया और ताइवान सहित अन्य क्षेत्रों में विस्तारित किया जाएगा। एयरड्रॉप सपोर्ट शुरुआत में गैलेक्सी एस26 सीरीज पर उपलब्ध होगा, जबकि अन्य डिवाइसेज के लिए इसके विस्तार की घोषणा भविष्य में की जाएगी।

जी कुटुंब अवॉर्ड्स ने मनाया भारतीय परिवारों की भावना का जश्न

भोपाल। जी टीवी हिंदी जीईसी स्पेस में सबसे तेजी से बढ़ने वाला चैनल बनकर उभरा है। मार्च 2025 से मार्च 2026 के बीच इस चैनल ने प्रभावशाली 51 प्रतिशत की ग्रोथ दर्ज की है। जी टीवी लगातार पांच महीनों से कोर प्राइम टाइम में नंबर 1 चैनल बना हुआ है। शाम 8 बजे से रात 10 बजे तक के चार लगातार स्लॉट्स में भी जी टीवी ने स्लॉट लीडरशिप हासिल की है। ये आंकड़े साफ दिखाते हैं कि जी टीवी की कहानियों का देशभर के दर्शकों से कितना मजबूत रिश्ता है। जी कुटुंब अवॉर्ड्स 2026 प्रगति और साथ रहने की भावना का जश्न है। रेड कारपेट पर जी के लोकप्रिय शोज के सितारों ने शानदार अंदाज में कदम रखा। इनमें 'तुम से तुम तक', 'सरू', 'वसुधा', 'गंगा माई की बेटियां', 'जगद्धात्री', 'लक्ष्मी निवास' और 'जाने अनजाने हम मिले' के कलाकार शामिल रहे, जो यहां सिर्फ सितारों के रूप में नहीं बल्कि एक बड़े कुटुंब के सदस्य बनकर पहुंचे।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लॉन्च

भोपाल। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने अपनी यूनिट लिंक्ड इंश्योरेंस योजनाओं (यूलिप्स) के तहत आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड लॉन्च किया है। यह फंड ग्राहकों को उभरती हुई लिस्टेड कंपनियों के एक बड़े समूह में निवेश करने और एक अनुशासित, इंडेक्स-आधारित दृष्टिकोण के माध्यम से लंबी अवधि में संपत्ति बनाने में मदद करता है। यह फंड स्मॉलकैप 250 इंडेक्स को ट्रैक करता है, जिसमें निफ्टी 500 के अंतर्गत 251वें से 500वें स्थान तक की 250 कंपनियां शामिल होती हैं। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य निवेश अधिकारी मनीष कुमार ने कहा, 'स्मॉलकैप 250 इंडेक्स फंड ग्राहकों को उभरती कंपनियों की विकास क्षमता में भाग लेने और लंबे समय में धन बनाने का एक सरल और पारदर्शी तरीका प्रदान करता है।'

अमेजन बिजनेस क्यूरेटेड डील्स, खरीदी को आसान बनाने में कर रहा है मदद

भोपाल। अमेजन बिजनेस का 'एंड ऑफ फाइनेंशियल ईयर' सेल 2026 अब लाइव है, जिससे व्यवसायों को कई अलग-अलग कैटेगरी में साल के अंत में अपनी खरीदारी की योजना बनाने और उसे पूरा करने का अवसर मिल रहा है। लैपटॉप और टैबलेट से लेकर ऑफिस फर्नीचर, औद्योगिक सप्लाइज और किचन उपकरण तक, ग्राहक एसर, एचपी, लेनोवो, बॉश, हैवेल्स, नॉइज़, बोट जैसे ब्रांड्स के प्रोडक्ट्स पर आकर्षक ऑफर पा सकते हैं। चुनिंदा कैटेगरी में प्रीपेड ऑर्डर पर 9,999 रुपये तक का अतिरिक्त कैशबैक और 30 दिनों का इंस्टेंट ब्याज-मुक्त क्रेडिट उपलब्ध है, जिसे 12 महीनों तक कम ब्याज दर पर बढ़ाने की सुविधा भी मिलती है, वह भी बिना किसी छिपी लागत के। अमेजन बिजनेस ने बिज़नेस ग्राहकों के लिए खरीद प्रक्रिया को तेज और आसान बनाने के लिए एआई का उपयोग किया है।

रैपिडो ने मध्यप्रदेश में 1.3 लाख कैप्टन्स का आंकड़ा पार कर बनाया रिकॉर्ड

भोपाल। भारत के सबसे बड़े और किफायती वन-स्टॉप मोबिलिटी प्लेटफॉर्म रैपिडो ने मध्यप्रदेश में अपनी मजबूत उपस्थिति को और विस्तार दिया है। कंपनी ने राज्य में 1.3 लाख से अधिक कैप्टन्स का महत्वपूर्ण आंकड़ा पार कर लिया है, जिससे यह न केवल परिवहन सेवाओं में बल्कि आजीविका के अवसर प्रदान करने में भी अग्रणी भूमिका निभा रही है। राज्य के टियर-2 और टियर-3 शहरों में सस्ती और भरोसेमंद लास्ट-माइल कनेक्टिविटी की बढ़ती मांग के बीच, रैपिडो आम लोगों की दैनिक यात्रा को आसान बनाने में अहम भूमिका निभा रहा है। इंदौर और भोपाल जैसे प्रमुख शहरों में कंपनी की तेज़ वृद्धि देखने को मिल रही है, जहां अधिक से अधिक लोग रैपिडो से जुड़कर कैप्टन के रूप में रोजगार प्राप्त कर रहे हैं। इस अवधि के दौरान राज्य के विभिन्न शहरों में 40 लाख से अधिक राइड्स पूरी की गई है।

अमेजन ऐड्स क्रिएटर्स प्रोग्राम पेश

भोपाल। अमेजन ऐड्स ने भारत में अपना पहला प्रमुख इवेंट ' कनेक्टेड वर्ल्ड्स आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विज्ञापनदाता, एजेंसियां और पार्टनर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए, जहां अमेजन ऐड्स ने क्रिएटिव एजेंट्स और ऐड्स एजेंट जैसे नए एआई टूल्स, एकीकृत कैंपेन मैनेजमेंट, अमेजन ऐड्स क्रिएटर प्रोग्राम और भारतीय ब्रांड्स के लिए रचनात्मकता को आसान बनाने की पहल पेश की। कनेक्टेड वर्ल्ड्स ने एड टेक, कंटेंट और कॉमर्स—इन तीन प्रमुख स्तंभों को एक साथ लाकर एक सहज और पूर्ण-फनल विज्ञापन अनुभव प्रदान किया। अमेजन ऐड्स इंडिया के वाइस प्रेसिडेंट और हेड गिरीश प्रभु ने कहा कि पिछले एक दशक में भारत का विज्ञापन परिदृश्य तेजी से परिपक्व हुआ है और इसके साथ ही ब्रांड्स और उनके ग्राहकों की अपेक्षाएं भी बढ़ी हैं।

एसआईपी बना महिलाओं की पहली पसंद

● नई दिल्ली / राज न्यूज नेटवर्क

भारत में निवेश का माहौल तेजी से बदल रहा है। अब महिलाएं भी बड़ी संख्या में निवेश की दुनिया से जुड़ रही हैं। 26 से 45 साल की आयु वर्ग की महिलाओं में सिस्टेमैटिक निवेश (एसआई पी) की पसंद सबसे ज्यादा देखी जा रही है, और यही ग्रुप एसआई पी, अपनाने में आगे है।

एक्सिस डायरेक्ट के हालिया कंज्यूमर ट्रेंड्स के अनुसार, 2021 के बाद से महिलाओं द्वारा खोले गए डीमैट खातों में 129 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है। यह रुझान दिखाता है कि देश में महिलाओं की वित्तीय भागीदारी और जागरुकता लगातार बढ़ रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, महिला निवेशकों को सबसे अलग बनाता है उनका निवेश करने का तरीका।

सेंसेक्स 1205 अंक चढ़ा, निवेशकों की संपत्ति 8 लाख करोड़ रु. बढ़ी

पशिचम एशिया में तनाव कम होने के संकेतों पर मार्केट में हरियाली लौटी

● मुंबई / राज न्यूज नेटवर्क

रामनवमी के मौके पर गुरुवार को स्टॉक मार्केट में कारोबार बंद रहेगा तो सेंसेक्स की मंथली एक्सपायरी एक दिन पहले आज हुई और मार्केट में खरीदारी का शानदार रुझान दिखा। ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रही लड़ाई के थमने के संकेतों पर दुनिया भर के मार्केट में हरियाली लौटी और घरेलू मार्केट में इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्सेज सेंसेक्स-निफ्टी तो इंट्रा-डे में 2-2 प्रतिशत से अधिक उछल पड़े।

इक्विटी बेंचमार्क इंडेक्सेज की बात करें तो दिन के आखिरी में बुधवार को सेंसेक्स 1205.00 प्वाइंट्स यानी 1.63 प्रतिशत की बढ़त के साथ 75,273.45 और निफ्टी 394.05 प्वाइंट्स यानी 1.72 प्रतिशत के उछाल के साथ 23,306.45 पर बंद हुआ है।



इन शेयरों में रही ज्यादा बढ़त

कंपनी	तेजी
श्रीराम फाइनेंस	5.80 प्रतिशत
अल्ट्राटेक सीमेंट्स	4.09 प्रतिशत
बजाज फाइनेंस	3.98 प्रतिशत
ग्रासिम इंडस्ट्रीज	3.86 प्रतिशत
अडानी एंटरप्राइजेज	3.78 प्रतिशत

ये सेक्टोरल इंडेक्स अधिक उछले

निफ्टी रियल्टी	2.69 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी पीएसयू बैंक	2.67 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी मेटल	2.56 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी कैपिटल मार्केट	2.41 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी ऑटो	2.22 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी इंडिया टूरिज्म	2.16 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी बैंक	2.10 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी फार्मा	1.98 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी एफएमसीजी	1.89 प्रतिशत की तेज़ी
निफ्टी कमोडिटीज	1.87 प्रतिशत की तेज़ी

'नवग्रह मंदिर' की सेवाएं अब 'श्री मंदिर' ऐप पर

भोपाल। मध्यप्रदेश के डबरा में स्थित विश्व प्रसिद्ध 'नवग्रह मंदिर' ने डिजिटल अध्यात्म की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया है। अब इस भव्य मंदिर की पूजा सेवाएं विश्व के सबसे बड़े भक्ति प्लेटफॉर्म 'श्री मंदिर ऐप' पर उपलब्ध होंगी। इस साझेदारी के माध्यम से दुनिया भर के करोड़ों श्रद्धालु अब अपने मोबाइल के जरिए घर बैठे नौ ग्रहों के दोष निवारण, अभिषेक और विशेष चढ़ावा सेवाओं का लाभ उठा सकेंगे। श्रद्धालु अब श्री मंदिर ऐप के माध्यम से डबरा के इस भव्य नवग्रह मंदिर में सीधे दान भी अर्पित कर सकेंगे।'श्री मंदिर ऐप' पर पूजा संपन्न होने के बाद भक्तों को डिजिटल माध्यम से पूजा और संकल्प का वीडियो भी भेजा जाता है, प्रक्रिया में पारदर्शिता और भक्तों की अटूट श्रद्धा बनी रहती है। श्री मंदिर ऐपः तकनीक और श्रद्धा का संगम श्री मंदिर ऐप वर्तमान में दुनिया का सबसे बड़ा और विश्वसनीय हिंदू भक्ति ऐप है।

कल्कि 2898 ए.डी. का जी एक्शन प्रीमियर 27 मार्च और 'इमरजेंसी' का 28 मार्च को

भोपाल। इस वीकेंड तैयार हो जाइए एक ऐसे शानदार सिनेमाई सफर के लिए, जहां दो अलग अलग तरह की दमदार फिल्में लगातार दो दिनों में आपके टीवी स्क्रीन पर आने वाली हैं। देखिए अश्वत्थामा की कहानी और कल्कि अवतार का उदय, 'कल्कि 2898 ए.डी.' के जी एक्शन प्रीमियर में, शुक्रवार 27 मार्च शाम 7.30 बजे, सिर्फ ज़ी एक्शन पर। जब दुनिया अंधेरे में डूब जाती है, तब कल्कि अवतार उम्मीद की एक किरण बनकर सामने आता है। अमिताभ बच्चन अश्वत्थामा के किरदार में नजर आते हैं, जो एक ऐसे अमर योद्धा हैं, जिन्हें हमेशा के लिए धरती पर भटकने का श्राप मिला है। इसके बाद अगले ही दिन इस सिनेमाई सफर को आगे बढ़ाएगा 'इमरजेंसी' का अनमोल सिनेमा प्रीमियर, शनिवार 28 मार्च शाम 7.30 बजे। यह फिल्म 1975 के उस दौर को सामने लाती है।

एआई+ स्मार्टफोन ने नोवा सीरीज लॉन्च की घोषणा की

भोपाल। एआई+ स्मार्टफोन ने आज अपनी नई और बहुप्रतीक्षित नोवा सीरीज लॉन्च करने की घोषणा की। इस सीरीज में नोवा 2 और नोवा 2 अल्ट्रा को 9 अप्रैल 2026 को फ्लिपकार्ट और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लॉन्च किया जाएगा।

बाकी तीन फोन – नोवा 2 प्रो, नोवा 2 नियो और नोवा फ्लिप – आने वाले महीनों में लॉन्च होंगे। यह लॉन्च एआई+ के अगले कदम को दिखाता है, जहां कंपनी अब हर तरह के यूज़र के लिए अलग-अलग फोन ला रही है। इस सीरीज का सबसे खास फोन है नोवा 2 अल्ट्रा। इसमें बैक साइड पर खास लाइट दी गई है, जिसे आप अपनी पसंद के अनुसार बदल सकते हैं। एआई+ स्मार्टफोन के सीईओ और नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजीज के संस्थापक माधव शेठ ने कहा, नोवा सीरीज के साथ हम लोगों के लिए स्मार्टफोन के मायने को और बड़ा बना रहे हैं।

पश्चिम रेलवे
राजकोट मंडल

66 केवी ओवरहेड विद्युत पावर लाइन क्रॉसिंग का प्रतिस्थापन

टेंडर सूचना संख्या: DRM/RJT/E-Tender/EL/TRD/25-26/32 दिनांक 24.03.2026 टेंडर संख्या: DRM-RJT-EL-TRD-25-26-32 कार्य का नाम: राजकोट डिवीजन के विरमगाम - राजकोट खंड के बीच 66 केवी ओवरहेड विद्युत पावर लाइन क्रॉसिंग को भूमिगत केबल द्वारा प्रतिस्थापित करना (10 Nos. क्रॉसिंग)। **(i) अनुमानित लागत:** ₹ 8,43,07,767.40 मात्र **(ii) बयाना राशि:** ₹ 16,86,200.00 **(iii) ऑनलाइन आवेदन की तिथि एवं समय:** 15.04.2026 को 15:00 बजे तक। **कार्यालय का पता:** डिविजनल रेलवे प्रबंधक (विद्युत/TrD), पश्चिम रेलवे, कोठी कंपाउंड, राजकोट - 360001 **वेबसाइट विवरण:** "www.ireps.gov.in

RJT 218

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

हिन्दुजा हाउसिंग फायनेंस लिमिटेड
HINDUJA HOUSING FINANCE
कार्पोरेट कार्यालय: 167-169, द्वितीय तल, लिटिल माउंट मेट्रो स्टेशन, साईपेठ, चेन्नई- 600015
क्षेत्रीय कार्यालय- कार्यालय संख्या 153, ऑर्बिट मॉल, पहली मंजिल, विजय नगर चौक, ए.बी. रोड, इंदौर, म. प्र.-452010
Email - auction@hindujahousingfinance.com

Date of Inspection of Property 27.03.2026 - 08.04.2026 between 11 AM to 2 PM
EMD Last date 10.04.2026 between 10 AM to 5PM.
Date / Time of Auction 13.04.2026 between 11 AM to 1PM.

निज़ी संधि के माध्यम से बिक्री की सूचना
वित्तीय प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत एचएचएफएल को सौंपी गई अचल (सुरक्षित) संपत्तियों की बिक्री संपत्ति एवं सुरक्षा हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (सरफेसी अधिनियम)।

ऋण खाता संख्या और ऋणी का नाम सहऋणी-/गारंटर	माँग सूचना धारा 13(2) दिनांक एवं राशि / भौतिक कब्जा तिथि	अचल एंव सुरक्षित संपति का विवरण	आरक्षित मूल्य (रू. में)
MP/SGR/SAGR/A000000313 श्री ललित जैन श्री अरविंद जैन श्रीमती प्रियंका जैन	05-08-2024 Rs. 20,16,204/- 02-05-2025	मकान नं. 399, मौजा गंज बसौदा, वार्ड नं. 05, चाणक्य वार्ड, अटल बिहारी कॉलोनी, नगर पालिका गंज बसौदा, जिला विदिशा (म.प्र.) कुल क्षेत्रफल - 1000 वर्ग फीट या 92.93 वर्ग मीटर। चार सीमाएँ: - पूर्व: 12 फीट चौड़ी सड़क, पश्चिम - 5 फीट चौड़ी गली, उत्तर: पंथी का मकान, दक्षिण: पवन भंडारी का मकान	Rs. 16,00,000/- Rs. 1,60,000/-

एचएचएफएल के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की अनुसूची संपत्ति का कब्जा ले लिया है। बड़े पैमाने पर जनता को सूचित किया जाता है कि अनुसूची में उल्लिखित सुरक्षित संपत्ति निजी संधि के माध्यम से बिक्री के लिए उपलब्ध है, एचएचएफएल को ''जैसा है जहां है के आधार पर '' और ''जैसा है जो है के आधार पर'' के बकाए की वसूली के लिए सहमत शर्तों के अनुसार। निजी संधि के माध्यम से संपत्ति की बिक्री के लिए मानक नियम और शर्तें इस प्रकार हैं -1. निजी संधि के माध्यम से बिक्री ''जैसा है जहां है के आधार पर'' और ''जैसा है जो है के आधार पर'' होगी। 2. क्रेता को निजी संधि में भाग लेने के लिए 10.04.2026 से पहले बोली राशि का 10% भुगतान करना होगा 3. क्रेता को एचएचएफएल की स्वीकृति की प्राप्ति के अगले कार्य दिवस पर बिक्री प्रतिफल का 25% जमा करना होगा संपत्ति खरीदने का प्रस्ताव और उसके बाद 15 दिनों के भीतर शेष राशि। 4. ईएमडी में भुगतान की गई क्रेता राशि यानी 10% को उपरोक्त खंड (2) के अनुसार जमा राशि के 25% के कुल भुगतान में समायोजित किया जाएगा। 5. उपरोक्त खंड (2) के तहत आवश्यक राशि का भुगतान करने में विफल रहने पर आवेदन के साथ भुगतान की गई राशि का 10% सहित पहले से भुगतान की गई राशि जब्त कर ली जाएगी। 6. एचएचएफएल द्वारा खरीद के प्रस्ताव को स्वीकार न करने की स्थिति में, आवेदन के साथ भुगतान की गई 10% राशि बिना किसी ब्याज के वापस कर दी जाएगी। 7. संपत्ति एचएचएफएल को ज्ञात या अज्ञात सभी मौजूदा और भविष्य की बाधाओं के साथ बेची जा रही है। प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता किसी भी तीसरे पक्ष के दावों/अधिकारों/बकाया के लिए किसी भी तरह से जिम्मेदार नहीं होगा। 8. क्रेता को अपनी संतुष्टि के लिए संपत्ति (निजी संधि के माध्यम से बिक्री के तहत) से संबंधित सभी पहलुओं पर उचित परिश्रम करना चाहिए। क्रेता इस संबंध में बाद की तारीख में प्राधिकृत अधिकारी/सुरक्षित ऋणदाता के विरुद्ध कोई दावा करने का हकदार नहीं होगा। 9. एचएचएफएल बिना कोई कारण बताए खरीद के किसी भी प्रस्ताव को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। 10. खरीदार को संपत्ति की खरीद के संबंध में सभी स्टांप शुल्क, पंजीकरण शुल्क और अन्य खर्च, कर, शुल्क वहन करना होगा। 11. बिक्री सरफेसी अधिनियमधनियम के प्रावधानों के अनुसार होगी। 12. और जबकि सुरक्षित ऋणदाता - हिंदुजा हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त सुरक्षित संपत्ति का निपटान करने का निर्णय लिया है। बिक्री का यह नोटिस आज प्रकाशित किया गया है कि ऊपर वर्णित सुरक्षित संपत्ति 13.04.2026 को **Hinduja Housing Finance Limited, Branch Office: Hinduja Housing Finance Limited- 101-B, Business Park, NRK Near Mangal City, Vijay Nagar Indore - 450210** में बेची जाएगी। अधिक जानकारी और प्रश्नों के लिए, प्राधिकृत अधिकारी, **Vaibhav Shrivastava - 9755225338, Syed Shoaib - 8770818029, Pankaj Joshi - 96445 23578, Ajay Bhatiya - 78986 07955**

Date- 26-03-2026 — Authorised Officer

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद्
(वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रणाधीन) 34 कि.मी स्टोन, दिल्ली-मथुरा रोड (एनएच-2), बल्लभगढ़ -121004, हरियाणा, भारत
दूरभाष : +91-129-2666600, **वेबसाइट** www.ncbindia.com

विज्ञापन संख्या: PA/01/2026
19.03.2026

वॉक-इन इंटरव्यू

राष्ट्रीय सीमेंट एवं भवन सामग्री परिषद् (एनसीबी) को बल्लभगढ़, अहमदाबाद, हैदराबाद और भुवनेश्वर यूनिट्स के लिए प्रोजेक्ट एसोसिएट-I, प्रोजेक्ट एसोसिएट-II, सीनियर प्रोजेक्ट एसोसिएट और प्रिंसिपल प्रोजेक्ट एसोसिएट की ज़रूरत है। ये नियुक्तियाँ प्रोजेक्ट के आधार पर वॉक-इन इंटरव्यू के ज़रिए 08 अप्रैल, 2026, 09 अप्रैल, 2026 और 10 अप्रैल, 2026 को की जाएँगी। विस्तृत जानकारी के लिए, कृपया वेबसाइट www.ncbindia.com पर जाएं। कोई भी संशोधन या विज्ञापन के बाद की कोई भी जानकारी केवल छब्ठ की वेबसाइट पर ही उपलब्ध होगी।

CBC 05207/12/0010/2526 — महानिदेशक

CAPRI GLOBAL HOUSING FINANCE LIMITED
कैप्री ग्लोबल हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड
पंजीकृत एवं वाणिज्यिक कार्यालय :- 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुम्बई-400013
मंडल कार्यालय :- 9-बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, राजेन्द्र पैलेस, नई दिल्ली-110060

परिशिष्ट IV आधिपत्य सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

इसके द्वारा **1. श्री रामकृष्णा सकल्ले ("ऋणकर्ता") 2. श्रीमती गजराज सकल्ले 3. श्रीमती सपना सकल्ले (सह-ऋणकर्ता) (ऋण खाता संख्या LNHLKGN000064634** (पुराना) **/ 50300000835540** (नया) को सूचित किया जाता है कि **मेसर्स कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** ने अपनी सुरक्षित संपत्ति का भौतिक कब्जा ले लिया है। यह संपत्ति **"भूमि और भवन सहित संपत्ति का संपूर्ण अंश और भाग" है, जिसका भूमि क्षेत्र 0.040 हेक्टेयर (यानी 4304 वर्ग फुट या 399.947 वर्ग मीटर) है। यह सर्वे संख्या 207/1/1/2, पीएच संख्या 19, ग्राम मासन गाँव (एस.एच. 15 पर), तहसील और जिला हरदा, मध्य प्रदेश 461331 का एक हिस्सा है। इसकी सीमाएँ इस प्रकार हैं: उत्तरः एसएच 15 सड़क, दक्षिण: विक्रेता की शेष भूमि, पूर्वः श्री गोयल की भूमि, पश्चिमः श्रीमती दीप शिखा नायर की भूमि।** उक्त संपत्ति का भौतिक कब्जा दिनांक **06/03/2026** को, 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' (सरफेसी अधिनियम, 2002) की धारा 14 के तहत (संबंधित प्राधिकारी द्वारा) पारित आदेश के माध्यम से लिया गया था। कब्जा लेने की तारीख से अब तक, आपको उक्त संपत्ति से अपनी चल-संपत्ति (हटाने योग्य सामान) हटाने के लिए कई अवसर दिए जा चुके हैं। हालाँकि, आप उक्त परिसर से अपनी चल-संपत्ति हटाने के लिए आवश्यक कदम उठाने में असफल रहे हैं। अतः, संबंधित व्यक्तियों को इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर अपनी चल-संपत्ति हटा लें और शाखा से संपर्क करें; ऐसा न करने पर, हम आपकी संपत्ति को 'अज्ञात और लावारिस संपत्ति' मानकर, बिना किसी और सूचना के, उसका निपटान कर देंगे।

स्थान : हरदा — **हस्ता/- (प्राधिकृत अधिकारी)**
दिनांक : 26-03-2026 — **कैप्री ग्लोबल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (सीजीएचएफएल) के लिए**

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं सक्षम अधिकारी भू-अर्जन, तहसील ग्यारसपुर, जिला-विदिशा (म.प्र.)
पत्र क्रमांक/175 — **दिनांक - 25.03.2026**
राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम 1956 (1956 का 48) की धारा 3G (3) व (4) के अन्तर्गत धारा 3D की अधिसूचना के सम्बन्ध में
सार्वजनिक सूचना

रजिस्ट्री सं. डी. एल.-33004/99 — REGD. No. D. L. -33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-20032026-271130
CG-DL-E-20032026-271130
असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II-खण्ड 3-उप-खण्ड (ii)
PART II-Section 3-Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 1418] नई दिल्ली, शुक्रवार, मार्च 20, 2026/फाल्गुन 29, 1947
No. 1418] NEW DELHI, FRIDAY, MARCH 20, 2026/PHALGUNA 29, 1947

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
अधिसूचना
नई दिल्ली, 20 मार्च, 2026

का.आ. 1483(अ).– केन्द्रीय सरकार ने, राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम, 1956 (1956 का 48) (जिसे इसमें इसके पश्चात् उक्त अधिनियम कहा गया है) की धारा 3क की उपधारा (1) के अधीन जारी की गई भारत सरकार के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय की अधिसूचना संख्या का. आ. 232 तारीख 15 January 2026, जो भारत के राजपत्र, असाधारण, भाग II, खण्ड 3, उपखंड (ii) में प्रकाशित की गई थी, द्वारा मध्य प्रदेश राज्य के विदिशा जिले के गाँव– ग्यारसपुर, तालुक–ग्यारसपुर मे NH–146 के कि.मी. 71.615 से कि.मी. 93.375 तक के भूखण्ड पर टोल प्लाजा के निर्माण अनुरक्षण, प्रबंधन और प्रचालन के लिए उस अधिसूचना से उपाबद्ध अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का अर्जन करने के अपने आशय की घोषणा की थी;

और उक्त अधिसूचना का सार उक्त अधिनियम की धारा 3क की उपधारा (3) के अधीन तारीख '' 28.01.2026'' को ''राज एक्सप्रेस'' और ''फ्री प्रेस'' दोनों में प्रकाशित किया गया था;

जबकि सक्षम प्राधिकारी को धारा 3–ग के तहत दायर आपत्ति प्राप्त हुई है, जिस पर विचार किया गया है और उसका उचित रूप से निपटान किया गया;

और सक्षम प्राधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा(1) के अनुसरण में, केन्द्रिय सरकार को अपनी रिपार्ट दे दी है;

अतः अब, केन्द्रीय सरकार, सक्षम प्राधिकारी की उक्त रिपोर्ट प्राप्त हो जाने पर और उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, यह घोषणा करती है कि उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि का पूर्वोक्त प्रयोजन के लिए अर्जन किया जाना चाहिए;

और अब, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 3घ की उपधारा (2) के अनुसरण में यह घोषणा करती है कि इस अधिसूचना के राजपत्र मे प्रकाशन पर, उक्त अनुसूची में विनिर्दिष्ट भूमि सभी विल्लंगमों से मुक्त होकर आत्यन्तिक रूप से केन्द्रीय सरकार में निहित हो जाएगी।

अनुसूची

मध्य प्रदेश राज्य के विदिशा जिले के गाँव - ग्यारसपुर, तालुक - ग्यारसपुर मे NH-146 के कि.मी. 71.615 से कि.मी. 93.375 के लिए अर्जन की जाने वाली संरचना सहित अथवा संरचना रहित विवरण।

जिला : विदिशा
https://egazette.gov.in — [फाइल नंबर : NHAI/BPL:SAG/LA41010/2020/3a/3A/3D1]
प्रकाशन दिनांक : 20/03/2026 — शेख अमीन खान, निदेशक
https://bhoomirashi.gov.in//showFile_qrD.cshtml?TAB=bGFfVGhyZWVEX2ZpbGVz&fk=bm90aWZpY2F0aW9uX2lk&fkid=Njl4NzU%3d&EncHid=82473696&ty`e_id=1
नोट : इस अधिसूचना की वास्तविक प्रति सीएएलए/पीआईयू/पीएमयू/आरओ/ईडी के कार्यालय में भी उपलब्ध है और भूमि मालिक वहां भी अधिसूचना देख सकते हैं।

दावों के निराकरण का कार्यक्रम

समयावधि में प्राप्त सभी दावों /आपत्तियों के निराकरण हेतु निम्न कार्यक्रम के अनुसार सुनवाई कार्यालयीन समय में मेरे कार्यालय में की जावेगी। अतः सुनवाई के समय हितबद्ध पक्षकार स्वयं या अपने एजेन्ट अथवा विधि व्यवसायी के साथ उपस्थित रहें अन्यथा एक पक्षीय आदेश पारित कर दिया जावेगा।

क्रमांक	दिनांक व समय	ग्राम का नाम जिसके दावों की सुनवाई की जावेगी
1.	दिनांक : 08.04.2026 प्रातः 11:00 बजे	ग्राम – ग्यारसपुर

अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू-अर्जन अधिकारी, तहसील-ग्यारसपुर, जिला विदिशा (म.प्र.)

GRIHUM HOUSING FINANCE — Apna Ghar. Apni Pehchan.
गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड
पंजीकृत कार्यालयः छठा तल, बी बिल्डिंग, गंगा ट्रूनो, लोहेगांव, पुणे, महाराष्ट्र 411014
शाखा कार्यालय इकाईः प्रथम तल, जेड-26, जोन-1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011
ई-नीलामी – बिक्री सूचना सरफेसी अधिनियम के तहत सुरक्षित अचल संपत्तियों का बिक्री

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (''अधिनियम'') के अंतर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी बिक्री सूचना, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 और 9 के साथ पठित।
इसके द्वारा आम जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/बंधककर्ता/गारंटर(यों) को सूचित किया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्तियां **गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (जिसे अधिनियम के अनुसार आगे ''सुरक्षित लेनदार'' कहा जाएगा)** को गिरवी रखी गई हैं, जिसका कब्जा **अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम के नियम 8 और 9 के साथ पठित, अधिनियम की धारा 13(2) के तहत** सूचना के अनुसरण में सुरक्षित लेनदार के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। सुरक्षित संपत्तियाँ **''जहाँ है जैसी है'', ''जैसी है वैसी है'' और ''जो कुछ भी है'' के आधार पर 11-04-2026** को ई-नीलामी के माध्यम से बेची जाएँगी। सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम **https://www.bankeauctions.com** वेबसाइट पर उपलब्ध ई-नीलामी प्लेटफॉर्म के माध्यम से सार्वजनिक नीलामी करने जा रहे हैं।
बिक्री की विस्तृत नियम व शर्तों के लिए, कृपया **GHFL**/सुरक्षित ऋणदाता की वेबसाइट **www.grihumhousing.com** पर दिए गए लिंक का संदर्भ देखें।

सं. क्रं.	प्रस्ताव संख्या ग्राहक का नाम (ए)	मांग सूचना तिथि एवं बकाया राशि (बी)	कब्जे की प्रकृति {सी}	संपत्ति का विवरण {डी}	आरक्षित मूल्य (ई)	ईएमडी (आरपी का 10%) (एफ)	ईएमडी जमा करने की तिथि (जी)	वृद्धिशील बोली {एच}	संपत्ति निरीक्षण का दिनांक एवं समय {आई}	नीलामी की तिथि और समय {जे}	ज्ञात भार/न्यायालयीन मामले, यदि कोई हों (के)
1	लोन नंबर HL0197H19100012 रूपेश शर्मा (कर्जदार) किरण शर्मा (सह-कर्जदार)	नोटिस की तारीखः 09-07-2025 कुल बकायाः रू. 1456275/- (रुपये चौदह लाख छप्पन हजार दो सौ पचहत्तर मात्र) जो 09-07-2025 तक 15.35% प्रति वर्ष की ब्याज दर के साथ, रकम की वसूली होने तक देय है।	भौतिक	वह समस्त प्रॉपर्टी, यानी एक फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट नंबर एफ.ओ-2, चतुर्थ तल, Kmcctower, जिसका फ्लैट एरिया 520 वर्ग फुट है। यह पुरानी हाउस नंबर 04 पर स्थित है, जो रविदास पुरा, रेजिमेंट रोड, शाहजहानाबाद, भोपाल में म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन वार्ड नंबर 14, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल के अंतर्गत आता है। इसके पूर्व में: अब्दुल सलाम और अन्य पश्चिम में उपलब्ध और खुला रास्ता उत्तर में फ्लैट नंबर एफ. ओ-03; और दक्षिण में फ्लैट नंबर एफ.ओ-01 स्थित है।	रू. 7,00,000.00/- (रुपये सात लाख मात्र)	रू. 70000/- (रुपये सत्तर हजार मात्र)	10-04-2026 शाम 5 बजे से पहले	10,000/-	06-04-2026 (सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक)	11-04-2026 (सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक)	निरंक

इच्छुक बोलीदाताओं/खरीदारों को सलाह दी जाती है कि वे सुरक्षित ऋणदाता शाखा और नीलामी संपत्तियों पर जाएँ, अपनी स्वयं की जाँच करें और अतिरिक्त शुल्क, भार और किसी भी तृतीय-पक्ष के हितों का पता लगाएँ और बोली जमा करने से पहले सभी पहलुओं से स्वयं संतुष्ट हो लें। संपत्ति कर, बिजली/पानी के बिल और संपत्ति से जुड़े अन्य सभी बकाया, यदि कोई हों, जैसे सभी वैधानिक बकाया, सफल बोलीदाता द्वारा पता लगाकर चुकाए जाने चाहिए।
इच्छुक बोलीदाताओं को पोर्टल पर स्वयं को पंजीकृत करना होगा और नीलामी सेवा प्रदाता (सी1 इंडिया प्राइवेट लिमिटेड) पता- प्लॉट संख्या-68, तीसरी मंजिल, गुड़गांव, हरियाणा-122003। हेल्पलाइन नंबर-7291981124,25,26 सहायता ईमेल आईडी-**Support@bankeauctions.com**, **संपर्क व्यक्ति-धरणी पी, ईमेल आईडी-dharni.p@c1india.com संपर्क नंबर-9948182222** से लॉगिन आईडी और पासवर्ड, जो ई-बोली के लिए अनिवार्य है, पहले ही प्राप्त कर लेना चाहिए। कृपया ध्यान दें कि संभावित बोलीदाता तभी से ई-नीलामी पर ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इच्छुक खरीदार/बोलीदाता को बयाना राशि (ईएमडी) जमा करनी होगी। एनईएफटी/आरटीजीएस ''गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड-नीलामी आय खाता, '' बैंक-आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड खाता संख्या-091551000028 और आईएफएससी कोड- **ICIC0000915**, आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, पंचशील टेक पार्क, गणपति चौक के पास, 43/44, विमन नगर-411014 के खाते में किसी भी राष्ट्रीयकृत या अनुसूचित बैंक से **10-04-2026** से पहले जमा करें और **https://www.bankeauctions.com** पर अपना नाम पंजीकृत करें और निःशुल्क यूज़र आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें और सेवा प्रदाता से ई-नीलामी का प्रशिक्षण प्राप्त करें। वेबसाइट पर पंजीकरण के बाद, इच्छुक क्रेता/बोलीदाता को निम्नलिखित दस्तावेजों की प्रतियां ई-मेल पर अपलोड करवानी होंगी और स्व-सत्यापित हार्ड कॉपी पते पर भेजनी होंगीः **पताः प्रथम तल, जेड-26, जोन-1, आईसीआईसीआई बैंक के पास, एमपी नगर, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462011 मोबाइल नंबर +91 8281138143 ई-मेल आईडी p.adith@grihumhousing.com** नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया ई-नीलामी में भाग लेने के लिए **https://www.bankeauctions.com** और **www.grihumhousing.com** पर जाएँ।
इस सूचना को प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम-2002 के नियम 8(6) के अंतर्गत ऋणी/सह-ऋणी/बंधककर्ता/गारंटर को 15 (पंद्रह) दिन का नोटिस भी माना जाना चाहिए।
किसी भी मामले में यदि स्थानीय भाषा के प्रकाशन और अंग्रेजी समाचार पत्र प्रकाशन की सामग्री में कोई अंतर है, तो फ्री प्रेस जर्नल में प्रकाशित अंग्रेजी समाचार पत्र भाषा की सामग्री मान्य होगी।
दिनांकः 26.03.2026 स्थानः भोपाल — **हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, गृहम हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**